Regarding need to give approval for Khamgaon to Jalna railway line project-laid

श्री प्रतापराव जाधव (बुलढाणा): मेरा संसदीय क्षेत्र बुलढाना एक अति पिछड़ा हुआ जिला है। मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यानाकर्षण कराना चाहता हूँ कि खामगांव जालना रेलवे मार्ग की स्वीकृति शीघ्र अति शीघ्र देने की कृपा करें। इस संबंध में डीपीआर भी हो चुका है और महाराष्ट्र सरकार ने भी 50 प्रतिशत भागीदारी की स्वीकृति दे दी है। इस संबंध में विगत 29 अप्रैल 2023 को एक मीटिंग भी हो चुकी है, जिसमें छोटी-मोटी खामियों को सुधार हेतु कहा गया है। इस हेतु प्राथमिकता के आधार पर संबंधित विभागों को शीघ्रातिशीघ्र कार्यवाही हेतु निर्देशित करने की कृपा करें। अतः मेरा पुनः अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र / जनपद बुल्ढाना में खामगांव - जालना रेलवे मार्ग की स्वीकृति शीघ्र अति शीघ्र देने की कृपा करें। धन्यवाद।